कार्यालय, जिला पंचायत–कोण्डागॉव (छ.ग.)

(phone no- 07786 -242058 fax no- 243175 e-mail: nrlm.kondagaon@gmail.com)

//संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन//

क्रमांक/2680/जि.पं./एनआरएलएम/ भर्ती /2017–18 कोण्डागॉव, दिनांक 8/3/2018

छ0ग0 शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग महानदी भवन, मंत्रालय नया रायपुर के आदेश क्रमांक/1754/आर–1526/22–1/2017 नया रायपुर दिनांक 29/07/2017 व कार्यालय जिला पंचायत बस्तर जगदलपुर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के पत्र क्रमांक 691/जि.पं./NRLM-HR&A/2018 जगदलपुर, दिनांक 28.02.2018 के निहित निर्देशानुसार राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन बिहान के अर्न्तगत जिला कोण्डागांव में विकासखण्ड मिशन प्रबंधन ईकाई (BMMU) के स्वीकृत पदों व उनके सम्मुख दर्शाये विवरण अनुसार संविदा नियुक्ति (निश्चित वेतन) पर निर्धारित प्रारूप में आवेदन केवल रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, कोण्डागांव जिला, कोण्डागांव (छ0ग0) के पते पर निर्धारित अंतिम तिथि 20/03/2018 तक आमंत्रित किये जाते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

विकासखण्ड मिशन प्रबंधन ईकाईः–

क्र	पद	कुल पद	अनुसूचित जाति			अनुसूचित जनजाति				अन्य पिछड़ा वर्ग			अनारक्षित			योग
			मुक्त	महिला	योग	मुक्त	महिला	भू.पू. सै.	योग	मुक्त	महिला	योग	मुक्त	महिला	योग	
01	क्षेत्रीय समन्वयक (कोण्डागांव, केशकाल)	02	0	0	0	0	1	0	1	1	0	1	0	0	0	2
02	लेखा सह एम.आई.एस.सहायक (कोण्डागांव, फरसगांव केशकाल बड़ेराजपुर)	04	0	0	0	02	01	0	3	1	0	1	0	0	0	4

पदो की संख्या घटाई एवं बढाई जा सकती है।

पद का वेतनमान एवं शैक्षणिक योग्यता/अर्हताएँ

क्र	पद का नाम	रिक्त पद की संख्या	वेतन (एक मुश्त मासिक)	अनिवार्य अर्हता	रिमार्क	
					विवरण	अंक
1	2	3	4	5	6	7
1	क्षेत्रीय समन्वयक NRLM (संविदा)	02	20,000/–	(1) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक। (2) गरीबी उन्मूलन/ग्रामीण विकास/आजीविका संवर्धन/शासन द्वारा चलाए जा रही योजना अथवा गैर सरकारी संगठन में कम से कम 1 वर्ष का कार्य अनुभव (पूर्ण कालिक कार्य अनुभव)। किसी प्रकार की स्वैच्छिक सेवा का प्रमाण–पत्र अनुभव के रूप में मान्य नहीं किया जायेगा। (3) एम0एस0 ऑफिस एप्लिकेशन एवं स्थानीय भाषा का ज्ञान।	निर्धारित शैक्षणिक योग्यता प्राप्तांक प्रतिशत के 50%	50
					समूह चर्चा एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार के 50%	50
					कुल अंक	100
2	लेखा सह एम.आई.एस.सहायक NRLM (संविदा)	04	17,000/–	(1) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक । (2) सरकारी अथवा गैर सरकारी संगठन में लेखा कार्य (पूर्ण कालिक कार्य अनुभव)में न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव। किसी प्रकार की स्वैच्छिक सेवा का प्रमाण–पत्र अनुभव के रूप में मान्य नहीं किया जायेगा। (3) टेली एवं एम.एस. एक्सल के क्षेत्र में अनुभव को वरीयता।	निर्धारित शैक्षणिक योग्यता प्राप्तांक प्रतिशत के 60%	60
					कौशल परीक्षा के 40%	40
					कुल अंक	100

8/03/2018

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत कोण्डागॉव

नियम एवं शर्तें :–

01. **वेतन** :– उपरोक्त संविदा सेवा में मासिक एकमुश्त वेतन देय होगा, इसके अतिरिक्त कोई विशेष वेतन,मंहगाई भता,क्षतिपूर्ति भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता, इत्यादि नहीं दिया जायेगा ।

02. **आरक्षण** :–रा.ग्रा.आजीविका मिशन योजनान्तर्गत संविदा नियुक्ति हेतु छ0ग0 शासन द्वारा निर्धारित जिला स्तरीय आरक्षण रोस्टर पालन किया गया है।

03. **आयु सीमाः**– संविदा नियुक्ति हेतु दिनांक 01/01/2018 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष परन्तु आयु सीमा में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी छूट संबंधी आदेश/निर्देश लागू होगें ।

04. **नियुक्ति की अवधि** :– संविदा की अवधि नियुक्ति दिनांक से एक वर्ष के लिए होगी । विभाग की आवश्यकता के आधार पर एवं संविदा नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्ता का आकलन कर संविदा नियुक्ति अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया जा सकेगा ।

05. **अवकाश की पात्रता** :– संविदा पर नियुक्त कर्मचारी को प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष 18 दिनों का आकस्मिक अवकाश तथा 03 दिवस ऐच्छिक अवकाश की पात्रता होगी ।

06. **यात्रा भत्ताः**– संविदा नियुक्त व्यक्ति को जिस पद नियुक्ति दी गई है, उस पद के समकक्ष शासकीय सेवकों के समान यात्रा भत्ता की पात्रता होगी ।

अन्य शर्तें :–

07. क्षेत्रीय समन्वयक एवं लेखा सह एम.आई.एस.सहायक पद हेतु पूर्व में राज्य कार्यालय द्वारा ऑनलाईन आवेदन मंगवाए गए थे, पर्याप्त संख्या में पात्र आवेदन नही आने के कारण पुनः नए आवेदन आमंत्रित किए जाते है।
08. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति सिविल सेवा(आचरण) नियम, 1965 शासित होंगे ।
09. नियुक्ति के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या इसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
10. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति को संविदा सेवा की अवधि के लिए किसी भी प्रकार की पेंशन/उपदान या मृत्युलाभ आदि की पात्रता नहीं होगी ।
11. संविदा आधार पर नियुक्त व्यक्ति का गोपनीय प्रतिवेदन/पी.ए.आर.(कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन) लेखबद्ध किया जाएगा एवं संविदा आधार पर आगे और नियुक्ति के लिए उसका/उसकी विचारण किए जाने की दशा में, संविदात्मक सेवा की कालावधि के विस्तारण हेतु उसका/उसकी गोपनीय प्रतिवेदन/पी.ए.आर.(कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन) का निर्धारण उत्कृष्ट या बहुत अच्छा होना आवश्यक है।
12. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति को अपने परिवार की सामाजिक सुरक्षा के लिये संविदा वेतन की कम से कम 10 प्रतिशत राशि जीवन बीमा पेंशन योजना अथवा पी.पी.एफ. में जमा करनी होगी तथा इस बात की सूचना नियुक्ति प्राधिकारी को देनी होगी कि कर्मचारी द्वारा किस योजना का वरण किया गया है।
13. संविदा भर्ती नियम में सामान्य प्रशासन द्वारा समय–समय पर जारी आदेश लागू होंगें।
14. आवेदक को आवेदित पद के लिये निर्धारित शैक्षणिक अर्हताएं एवं योग्यताएँ आवेदन तिथि के पूर्व पूर्ण होना आवश्यक है।
15. नियुक्तियॉ मान. न्यायालय द्वारा रिट पिटी.क्रमांक (सी) 591/2012,593/2012 एवं 594/2012 में पारित होने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्यधीन रहेंगी ।
16. आवेदन बंद लिफाफे में कार्यालय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कोण्डागॉव,छ0ग0 को प्रेषित करते हुए केवल स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से दिनांक 20/03/2018.....को कार्यालयीन समय 5:30 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे। निर्धारित तिथि व समय पश्चात् अथवा व्यक्तिगत रूप से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। आवेदन के साथ में दो लिफाफे जिसमें प्रत्येक के लिए 50–50 रूपये का डाक टिकट सहित आवेदक का वर्तमान पता लिखा हुआ हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा ।
17. आवेदन पत्र में चस्पा किया गया फोटो वर्तमान का होना चाहिए तथा संलग्न समस्त दस्तावेज स्वप्रमाणित हाना चाहिए अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा ।
18. क्षेत्रीय समन्वयक एवं लेखा सह एम.आई.एस.सहायक के पद हेतु जिला कोण्डागांव के स्थानीय निवासी पात्र होंगे ।

19. एक पद के विरूद्ध मेरिट के क्रम में अधिकतम 15 पात्र आवेदकों के चिन्हांकन के लिए प्रथमतया मेरिट के क्रम में स्क्रुटिनी/परीक्षण उपरान्त दावा आपति आमंत्रित कर पात्रता/अपात्रता का निर्धारण किया जाएगा।जिनमें से दावा आपति उपरान्त पात्र पाए गए आवेदकों को क्षेत्रीय समन्वयक पद के लिए समूह चर्चा एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार तथा लेखा सह एम.आई.एस.सहायक पद के लिए कौशल परीक्षा हेतु निर्धारित तिथि में आमंत्रित किया जाएगा।
20. प्राप्त आवेदन पत्रों का स्क्रुटनी एवं दस्तावेज परीक्षण, दावा आपति का परीक्षण एवं निराकरण जिला पंचायत कोण्डागांव में होगा।
21. संविदा नियुक्ति छ.ग. शासन द्वारा जारी संविदा नियुक्ति नियम 2012 में निहित शर्तो के अनुसार होगी ।
22. आरक्षित वर्ग के पद हेतु उम्मीदवारों को समक्ष प्राधिकारी के द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।
23. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को अपना आवेदन पत्र उन संस्थाओं के नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा ।
24. अपूर्ण,अस्पष्ट,त्रुटिपूर्ण एवं आवेदक के हस्ताक्षर विहीन आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जावेंगे,ऐसे आवेदन पत्रों के संबंध में कोई अलग से सूचना नहीं दी जावेगी ।

विस्तृत नियम–शर्तें एवं आवेदन पत्र का प्रारूप उक्त पदो के लिये नियुक्ति संबंधित अन्य जानकारी, आवेदन पत्र प्रारूप, नियम एवं शर्ते कार्यालयीन कार्य दिवस एवं समय पर कार्यालय जिला पंचायत, कोण्डागांव एवं अधीनस्थ समस्त जनपद पंचायतो के सूचना पटल पर या www.bihan.gov.in एवं kondagaon.gov.in देखी जा सकती है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत कोण्डागॉव

आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत कोण्डागांव

स्वप्रमाणित

आवेदित पद का नाम :– .....

आवेदक का नाम :– .....

लिंग :– पुरूष / स्त्री .....

पिता / पति का नाम :– .....

जन्मतिथि:–

दिन	माह	वर्ष

आयु (01.01.2018 के अनुसार):–
वर्ष ..... माह ..... दिन .....

जाति (अजा / अजजा / अ.पि.वर्ग / सामान्य):–.....

मूल निवास:– राज्य ..... जिला ..... वि.खण्ड ..... गांव / शहर .....

पत्र व्यवहार का पता :– .....

.....

मो. न. / (वाटसप नं.) :– .....ई–मेल (यदि हो तो)

शैक्षणिक योग्यताएं :–

अर्हताएं	बोर्ड / विवि	डिग्री / डिप्लोमा	परीक्षा परिणाम			
			उत्तीर्ण वर्ष	प्राप्तांक	पूर्णांक	प्रतिशत
दसवीं						
बारहवीं						
स्नातक						
स्नाकोत्तर						
अन्य योग्यताएं						

संबंधित कार्यक्षेत्र मे अनुभव है या नहीं यदि है तो विवरण दें:–

विभाग / संस्था	पद नाम	कार्य अवधि		
		कब से	कब तक	कुल अनुभव (वर्ष में)

संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :–

1.....2.....3.....

4.....5.....6.....

7.....8.....9.....

–: घोषणा :–

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूँ, कि मेरे द्वारा दी गई समस्त जानकारियाँ सत्य हैं। किसी स्तर पर जानकारियाँ असत्य पाए जाने पर मेरा आवेदन / सेवायें निरस्त कर मुझ पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

स्थान :

दिनांक :

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम:–.....